02/04/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

भारत ने चीन द्वारा राज्य अरूणाचल प्रदेश के कई जगहों के नाम बदलने की लगातार कार्रवाई की निंदा की है। विदेश मामलों के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने बताया कि लगातार मन-गढत नामों से अरूणाचल प्रदेश की वास्तविक सच्चाई नही बदल सकती। यह हमेशा से भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत की यह प्रतिक्रिया चीन की बार-बार नाम बदलने की कार्रवाई के बाद आई है। कल विदेश मंत्री डॉ. सुब्रमण्यम जयशंकर ने कहा था कि नाम बदलने से किसी भी तरह का असर नही होता। उन्होंने कहा कि अरूणाचल प्रदेश भारत का राज्य था है और हमेशा रहेगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों को चीन द्वारा अवैध रूप से भौगोलिक नाम दिए जाने की कड़ी निंदा की है। श्री रीजीजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा चीन बेबुनियाद दावे कर रहा है पर इससे ज़मीनी वास्तविकता और ऐतिहासिक तथ्य नहीं बदलेंगे। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और अरुणाचल प्रदेश के लोग सभी मानकों और परिभाषाओं के अनुसार परम देशभक्त भारतीय हैं।

00000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सेन ने कहा कि चुनाव आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए राज्य में चुनाव मशीनरी आगामी चुनाव प्रक्रिया में किसी भी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देगी।

सोमवार को मीडियाकर्मियों से बात करते हुए श्री कुमार ने कहा कि सीमा पार से असामाजिक तत्वों द्वारा मतदान में खलल डालने की किसी भी कोशिश को रोकने के लिए सुरक्षा बलों को भारत-म्यांमार सीमा और अरुणाचल-नागालैंड सीमा पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा, "हम चुनाव प्रक्रिया में किसी भी तरह के हस्तक्षेप की इजाजत नहीं देंगे।"

0000000000000000000

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान दिवस 19 अप्रैल को 'dry day'. घोषित किया गया है। इसके अलावा, सरकार ने मतदान के दिन Paid Holiday की घोषणा की है। किसी व्यवसाय, व्यापार या किसी अन्य प्रतिष्ठान में कार्यरत प्रत्येक पात्र मतदाता मतदान के दिन छुट्टी और वेतन का हकदार होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग ने पचासी वर्ष और उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग लोगों के लिए विशेष व्यवस्था की है, जो घर से अपना वोट डाल सकते हैं। राज्य में पचासी वर्ष और उससे अधिक आयु के 4,211 मतदाता हैं, और 5,596 दिव्यांग मतदाता हैं। कुल मिलाकर आठ लाख बानवे हजार छह सौ चौरानवे मतदाता, जिनमें चार लाख चौवन हजार दो सौ छप्पन महिला और 5 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। 18वीं लोकसभा और अरुणाचल प्रदेश की 11वीं विधानसभा के लिए एक साथ होने वाले चुनावों में वयस्क अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं। बीजेपी के दस उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध चुनाव जीत चुके हैं।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने 18वीं लोकसभा और 11वीं विधानसभा के एक साथ होने वाले चुनावों के लिए आज अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और अरुणाचल वेस्ट संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार नाबाम तुकी, पूर्व सांसद और पार्टी की चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष ताकाम संजोय और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ ईटानगर में घोषणापत्र का अनावरण किया गया। कांग्रेस के घोषणापत्र में बेरोजगार युवाओं को नौकरी की गारंटी, सभी सरकारी प्राथमिक और मध्य विद्यालयों को आवासीय विद्यालयों में अपग्रेड करने, छात्रों के stipends को दोगुना करने, हर जिला मुख्यालय में सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना, राष्ट्रीय पेंशन योजना को तत्काल खत्म करने साथ ही पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करने का वादा किया गया है।

0000000000000000000

पापुम पारे जिले के लिए Election Expenditure Observer, प्रवीण कटारकी ने आज यूपिया में ईटानगर, दोईमुख और सागाली विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों सहित चुनाव व्यय निगरानी टीम और अकाउंटिंग टीम के साथ एक बैठक की। श्री कटारकी ने सदन को संबोधित करते हुए कहा "चुनावों में व्यय की निगरानी उम्मीदवारों को अत्यधिक खर्च के माध्यम से अनुचित लाभ प्राप्त करने से रोककर सभी उम्मीदवारों के लिए समान अवसर प्रदान करने का प्रयास करती है।" उन्होंने कहा कि व्यय दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करना और सभी रिकॉर्ड बनाए रखना महत्वपूर्ण है, ताकि किसी भी उल्लंघन से बचा जा सके जिसके कारण उम्मीदवारों को भविष्य में चुनाव लड़ने से वंचित किया जा सकता है।

उन्होंने रजिस्टरों को अद्यतन रखने का आग्रह करते हुए कहा कि ईईएम और अकांउटिंग टीम और उम्मीदवार द्वारा बनाए गए रजिस्टरों को तीन मौकों पर सत्यापित किया जाएगा।

0000000000000000000

जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ), ईस्ट कामेंग के कार्यालय ने सामान्य पर्यवेक्षक, व्यय पर्यवेक्षक, सभी रिटर्निंग अधिकारी, एसपी और अन्य की उपस्थिति में जिले के सभी विधायक उम्मीदवारों के साथ एक बैठक की। बैठक का उद्देश्य सभी उम्मीदवारों को चुनाव प्रक्रिया के बारे में कानूनी जागरूकता प्रदान करना और उम्मीदवारों से भारत के चुनाव आयोग की अपेक्षाओं के अलावा नियमों और विनियमों के बारे में जागरूक करना था। एकमत आह्वान में उम्मीदवारों ने सदन को हिंसा मुक्त चुनाव का आश्वासन दिया। चार विधानसभा क्षेत्रों - बामेंग, चायांगताजो, सेप्पा ईस्ट और सेप्पा वेस्ट के उम्मीदवारों ने प्रतिज्ञा की, "हम ईस्ट कामेंग जिले में हिंसा मुक्त चुनाव सुनिश्चित करेंगे।"

0000000000000000000

भारतीय सेना के ब्लेज़िंग स्वोर्ड डिवीजन ने आज तवांग में थूबटेन छोयलिंग बालिका विद्यालय, ल्होउ में फर्नीचर और स्टेशनरी के प्रावधान के लिए ऑपरेशन सद्भावना के तहत एक परियोजना शुरू की। गाँव बुढ़ा और गाँव के अन्य महत्वपूर्ण लोगों की उपस्थिति में बटालियन कमांडर द्वारा 8.5 लाख रुपये की स्कूल सामग्री स्कूल के प्रधानाध्यापक को सौंपी गई। यह परियोजना राज्य के दूरदराज के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों ने भारतीय सेना को धन्यवाद देते हुए मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।0000000000000000000

नॉर्थ ईस्ट एनएसएस महोत्सव, एक पूर्णकालिक आवासीय कार्यक्रम, सोमवार को नेरिस्ट निर्जुली में शुरू हुआ, जिसमें पूर्वोत्तर के सभी आठ, भाग लेने वाले राज्यों की सांस्कृतिक परेड शामिल थी। महोत्सव में सिक्किम सहित सभी पूर्वोत्तर राज्यों के 300 से अधिक एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) स्वयंसेवक और 16 कार्यक्रम अधिकारी भाग ले रहे हैं। नेरिस्ट के निदेशक प्रोफेसर नरेंद्रनाथ एस ने महोत्सव का उद्घाटन किया। इसका आयोजन एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशालय, गुवाहाटी द्वारा राज्य एनएसएस सेल, उच्च और तकनीकी शिक्षा निदेशालय, अरुणाचल प्रदेश सरकार और पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (नेरिस्ट) के सहयोग से किया जा रहा है।

0000000000000000000